संचिका सं0–7/MCH -35-23/2026-27-174(78)

बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

शंभु शरण भा०प्र०से०,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना ।

द्वाराः– आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।

पटना, दिनांक– 15/04/2026

विषयः– वित्तीय वर्ष 2026–27 में राजकीय मेडिकल कॉलेज, बेतिया में संचालित डी०एन०बी० पाठ्यक्रम तथा पी०जी० में अध्ययनरत छात्रों के छात्रवृति/वजीफा के भुगतान हेतु कुल रू0 1,32,00,000/– (रूपये एक करोड़ बत्तीस लाख) मात्र के व्यय के निमित स्वीकृति ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सबंध में कहना है कि विभागीय संकल्प संख्या–10(1), दिनांक–08.01.2021, विभागीय पत्रांक–03(1), दिनांक–03.01.2022, संकल्प संख्या–776(1), दिनांक–29.11.2023, संकल्प संख्या–472(1), दिनाक–05.07.2023, संकल्प संख्या–125(1), दिनांक–20.02.2014 एवं संकल्प संख्या–776(1), दिनांक–29.11.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में राजकीय मेडिकल कॉलेज, बेतिया मे संचालित डी०एन०बी० पाठ्यक्रम तथा पी०जी० मे अध्ययनरत छात्रो के छात्रवृति/वजीफा के भुगतान हेतु कुल रू0 1,32,00,000/– (रूपये एक करोड बत्तीस लाख) मात्र के व्यय के निमित स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(2) इस पर होने वाले व्यय का वहन मांग सं0–20 के अंतर्गत स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय बजट मुख्य शीर्ष–2210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, उप मुख्यशीर्ष–05–चिकित्सा शिक्षा–प्रशिक्षण तथा अनुसंधान, लघु शीर्ष–105–एलोपैथी, उपशीर्ष–0023–राजकीय मेडिकल कॉलेज, बेतिया विपत्र कोड–20-2210-05-105-0023 अंतर्गत छात्रवृति/वजीफा (34–01) मद मे उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

(3) इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, बेतिया होंगे एवं नियंत्री पदाधिकारी, क्षेत्रीय अपर निदेशक, तिरहुत प्रमडल, मुजफ्फरपुर होंगे।

(4) निकासी एव व्ययन पदाधिकारी वित विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अद्यतन परिपत्रो के आलोक में राशि की निकासी विहित प्रपत्र के माध्यम से करते हुए संबंधित छात्रो को उपलब्ध करायेगे ।

(5) राशि की निकासी जिला कोषागार, बेतिया से की जायेगी ।

(6) यह स्वीकृत्यादेश वित्त विभाग के परिपत्र सख्या–2561/वि(2), दिनांक–17.04.1998 के प्रावधानो के अधीन निर्गत किया जा रहा है।

(7) वित्त विभाग द्वारा दिये गये निदेश के आलोक मे व्यय की गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र नियमानुसार BTC Form-42A पर तैयार करते हुए महालेखाकार, कार्यालय, बिहार, पटना को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगे।

(8) प्रारूप में आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति सचिका स०–7/MCH -35-23/2026-27 के पृष्ठ–03/टि० पर प्राप्त है।

(9) इसमे सचिव, स्वास्थ्य विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

(10) यह मात्र स्वीकृत्यादेश है, आवटित राशि CFMS के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।

(11) सबंधित प्रस्ताव मे महालेखाकार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नही है ।

विश्वासभाजन,

15.4.26

(शभु शरण)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक– 7/MCH -35-23/2026-27-174 (78) /स्वा0, पटना, दिनांक– 15/04/2026

प्रतिलिपि–वित्त विभाग (बजट शाखा) बिहार, पटना/प्रमंडलीय आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/जिला पदाधिकारी, बेतिया/क्षेत्रीय अपर निदेशक, तिरहुत प्रमडल, मुजफ्फरपुर/कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, बेतिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, बेतिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख (प्रशासन), स्वास्थ्य सेवाएँ/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–07बी एवं संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

15.4.26

सरकार के अपर सचिव